TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

19 मई

### मधु प्रिया


## रस्किन बॉन्ड का जन्म 19 मई



रस्किन बॉन्ड का जन्म 19 मई 1934 को कसौली, हिमाचल प्रदेश में एक ब्रिटिश जोड़े एडिथ क्लार्क और ऑब्रे बॉन्ड के घर हुआ था।उनके पिता ने 1939 से 1944 तक रॉयल एयर फोर्स में सेवा की। जब वह छोटे थे तब उनके माता-पिता अलग हो गए और उसकी माँ ने जल्द ही एक पंजाबी व्यक्ति से दोबारा शादी कर ली।रस्किन अपने पिता के बहुत करीब थे जिनकी पीलिया से मृत्यु हो गई। तब रस्किन की उम्र 10 साल थी।
रस्किन बॉन्ड ब्रिटिश मूल के एक भारतीय लेखक हैं, जो भारत में बच्चों के साहित्य को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। उन्होंने 500 से अधिक लघु कथाएँ, निबंध और उपन्यास लिखे हैं। उनका लोकप्रिय उपन्यास 'द ब्लू अम्ब्रेला' हैं उसी नाम की एक हिंदी फिल्म भी बनाई गयी थी।जिसे 2007 में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रस्किन बॉन्ड बच्चों के लिए 50 से अधिक पुस्तकों और आत्मकथा के दो खंड के लेखक भी हैं। एक ब्रिटिश जोड़े के बेटे के रूप में जन्मे जब भारत औपनिवेशिक शासन के अधीन था। उन्होंने अपना प्रारंभिक बचपन जामनगर और शिमला में बिताया।
बॉन्ड ने बच्चों के लिए सैकड़ों लघु कथाएँ, निबंध, उपन्यास और किताबें लिखी हैं। उन्हें 1999 में पद्म श्री और 2014 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह अपने दत्तक परिवार के साथ मसूरी के लंढौर में रहते हैं।

# जयंती विशेष 19 मई

राकेश कुमार




नीलम संजीव रेड्डी ( जन्म- 19 मई , 1913 - मृत्यु- 1 जून , 1996) भारत के छठे राष्ट्रपति थे। उनका कार्यकाल 25 जुलाई 1977 से 25 जुलाई 1982 तक रहा। आन्ध्र प्रदेश के कृषक परिवार में जन्मे नीलम संजीव रेड्डी की छवि कवि, अनुभवी राजनेता एवं कुशल प्रशासक के रूप में थी। इनका सार्वजनिक जीवन उत्कृष्ट था। सन 1977 के आम चुनाव में जब इंदिरा गांधी की पराजय हुई, उस समय नव-गठित राजनीतिक दल जनता पार्टी ने इनको राष्ट्रपति का प्रत्याशी बनाया। वे भारत के पहले गैर काँग्रेसी राष्ट्रपति थे। वे अक्टूबर 1956 में आन्ध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बनें और दुसरी बार फिर 1962 से 1964 तक यह पद संभाला। उन्होने 1959 से 1962 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में से कार्य किया।

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19 मई 2024

## आगमन विधि

**आगमन विधि यह एक मनोवैज्ञानिक विधि है जिसमें विशिष्ट अनुभवों और उदाहरणों के माध्यम से सामान्य नियमों का निर्माण किया जाता है। इसके द्वारा छात्र अधिक सक्रिय होकर सरल संप्रत्ययो के सहायता से नवीन ज्ञान का संचार करते हैं। इसे विश्लेषण प्रणाली के नाम से भी जाना जाता है। उदाहरण के माध्यम से नियम या सिद्धांत बनाते हैं।**

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 391

भारत में किसी भी सदन का सदस्य बने बिना कोई व्यक्ति मंत्री पद पर कितने समय तक रह सकता है ?

A. 1 वर्ष

B. 9 महीने

C. 6 महीने

D. 30 दिन





सही उत्तर: C

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दुनिया के पहले पोर्टेबल अस्पताल आरोग्य मैत्री क्यूब का भारतीय वायुसेना द्वारा आज सफल प्रशिक्षण किया गया है। इस पोर्टेबल अस्पताल को बड़ी आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है, जो की गंभीर प्राकृतिक आपदाओं में मददगार मानी जाएगी।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

10.05.2024 से शुरू

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

91. 'इवेटा बेनसोवा' किस देश के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी हैं? – चैक गणराज्य के
92. 'एस' किस खेल से संबंधित शब्द है? – लॉन टेनिस से
93. टेनिस को एशियाई खेलों में किस वर्ष शामिल किया गया? – 1958 (टोकियो)
94. टेनिस में 'लव' का क्या मतलब हैं? – स्कोर जीरो है
95. टेबल टेनिस सर्वप्रथम कहाँ खेला गया? – लंदन में (1880) में
96. 'कारा ब्लैक' किस देश के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रही हैं ? – जिम्बाब्वे की (टेनिस खिलाडी)
97. 'कैटरीना श्रीबोटनिक' किस देश की प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी हैं? – स्लोवाकिया की (टेनिस खिलाडी)
98. 'ग्राउंड स्ट्रोक' शब्द किस खेल से संबंधित है? – टेबल टेनिस से
99. चीन का राष्ट्रीय खेल क्या है? – टेबल टेनिस
100. जस्टिन हेनिन हार्डिन किस देश से सम्बंधित हैं? – बेल्जियम से (महिला टेनिस खिलाडी)

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारत के महान उद्योगपति तथा
विश्वप्रसिद्ध औद्योगिक घराने
टाटा समूह के संस्थापक

# जमशेदजी टाटा

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म-3 मार्च 1839 मृत्यु -19 मई 1904

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के छठे राष्ट्रपति
नीलम संजीव रेड्डी
जी के जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 19 मई 1913 - मृत्यु- 1 जून 1996
Madhu priya
/teachersofbihar

# THANK YOU

## FOR BEING A LIFE SAVER



# विश्व पारिवारिक चिकित्सक दिवस

**19 मई**

**की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में पारिवारिक चिकित्सकों की भूमिका और उनके योगदान को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 19 मई को मनाया जाता है।**

Madhu priya

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



अंग्रेजी भाषा के एक
विश्वप्रसिद्ध भारतीय लेखक,
साहित्य अकादमी पुरस्कार,
पद्म श्री, पद्य भूषण से
सम्मानित

# रस्किन बॉण्ड

के जन्मदिवस पर हार्दिक
शुभकामनाएं।।

जन्म: 19 मई 1934

Madhu priya

19 मई 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा से मेरा तात्पर्य बच्चे और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा में सर्वश्रेष्ठ को सर्वांगीण रूप से सामने लाना है।

**महात्मा गांधी**



राकेश कुमार